राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

तारीख हुक्म	177/2008 भगवाना बनाम चौथू हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08/01/2026	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। पक्षकारान ने अपने-अपने अभिभाषकगण के साथ उपस्थित आकर प्रार्थना पत्र राजीनामा मय सलग्न नक्शा पेश कर निवेदन किया कि पक्षकारान के मध्य राजीनामाँ हो गया है एवं पक्षकारान राजीनामे के साथ सलग्न नक्शे अनुसार बंटवारा करवाने एवं अपील का निस्तारण कर डिक्री जारी किये जाने हेतु सहमत है। अत: राजीनामा मय सलग्न नक्शे अनुसार अपील का निस्तारण किया जावे। चूँकि उभयपक्षों द्वारा राजीनामा मय सलग्न नक्शे अनुसार ही बंटवारा हेतु निवेदन कर तदनुसार प्रकरण का निस्तारण किये जाने हेतु इस्तदुआ की गयी है। अत: प्रकरण का गुणावगुण पर कोई विवेचन किये बगैर मात्र उभयपक्षों द्वारा प्रस्तुत किये गये राजीनामा स्वीकार किया जाकर राजीनामे के सलग्न नक्शे अनुसार पक्षकारान के मध्य बंटवारा किया जाना न्यायोचित्त प्रतीत होता है। अत: अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित अपीलाधीन निर्णय व डिक्री दिनांक 02/09/2008 निरस्त किये जाकर पक्षकारान द्वारा सहमति से तैयार कर प्रस्तुत नक्शे के अनुसार विभाजन किये जाने के आदेश तहसीलदार सांगानेर को प्रदान करते हुये मूल नक्शा इन निर्देशों के साथ तहसीलदार सांगानेर को प्रेषित किया जाता है कि वे सलग्न नक्शे अनुसार सहखातेदारान/पक्षकारान के मध्य विभाजन करते हुये अलग-अलग खाता व लगान कायम करे। तदनुसार राजीनामा अनुसार अपील निस्तारित की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश आज दिनांक 08/01/2026 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	

राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर